# मुझे है काम ईश्वर से ....

मुझे है काम ईश्वर से, जगत रूठे तो रूठन दे।
मुझे है प्यार ईश्वर से, जगत रूठे तो रूठन दे।
कुटुम्ब परिवार सुत दारा, माल धन लाज लोकन की।
हरि के भजन करने में, अगर छूटे तो छूटन दे।।
मुझे है काम ..../प्यार...।। 1 ।।

बैठ संतों की सगंत में, करूँ कल्याण मैं अपना।
लोक दुनियां के भोगों में, मौज़ लूटे तो लूटन दे।।
मुझे है काम ..../प्यार...।। 2 ।।

प्रभु के ध्यान करने की, लगी दिल में लगन मेरे।
प्रीत संसार विषयों से, अगर टूटे तो टूटन दे।।
मुझे है काम ..../प्यार...।। 3 ।।

धरी सिर पाप की मटकी, मेरे गुरूदेव ने झटकी।
वो ब्रह्मानंद ने पटकी, अगर फूटे तो फूटन दे।।
मुझे है काम ..../प्यार...।। 4 ।।



हंसा बगुला एक सा, मानसरोवर माहिं।
बगा ढिंढोरै माछरी, हंसा मोती खांहि।।